दिनांक 22 अक्टूबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के आंगनबाड़ी निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिला बच्चों को लेकर भोजन के लिये पहुंची , भोजन नहीं हुआ था तैयार, आयुक्त ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को थमाया नोटिस

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे आज अचानक जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत कैंप 1 के प्रगति नगर आंगनबाड़ी पहुंचे। उन्होंने आंगनबाड़ी का सम्पूर्ण निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एक गर्भवती माता अपने दो बच्चों के साथ भोजन के लिए प्रगति नगर आंगनबाड़ी पहुंची। आयुक्त ने महिला से चर्चा उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से पूछा कि आज भोजन में क्या बनाया है , उत्तर आया कि भोजन तैयार हो गया है जब भोजन की तैयारी देखी गई तो भोजन बनाने की प्रक्रिया ही प्रारंभ नहीं हुई थी , आयुक्त ने इस पर नाराजगी जताई उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी एवं सहायिका राज कौर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र को जिस उद्देश्य के लिये संचालित किया जा रहा है, उस उद्देश्य का पालन केन्द्र में नहीं हो रहा है। केन्द्र की व्यवस्था सुधारने आयुक्त ने कार्यकर्ता एवं सहायिका को निर्देश दिये अन्यथा उचित कार्यवाही करने की चेतावनी दी।

जनसम्पर्क अधिकारी